मोहम्मद सीदीक भगत
अकादेमी पुरस्कारः लोक नाट्य–भांड पाथेर (जम्मू-कश्मीर)

MOHAMMAD SIDIQ BHAGAT
Akademi Award: Folk Theatre – Bhand Pather (Jammu & Kashmir)

Born on 21 April 1965 in Lalpura in Baramullah district of Kashmir, Shri Mohammad Sidiq Bhagat belongs to a family of traditional theatre artists of the region. He has received his initial training in Bhand Pather from his father Shri Abli Bhagat and was later groomed as a performer in the Bhand Pather theatre by Shri Ghulam Mohammad Bhagat.

Shri Mohammad Sidiq Bhagat achieved excellence very early in his life in Bhand Pather. With his group he has performed Bhand Pather extensively in the Kashmir valley, and has worked zealously towards preserving older Bhand Pather plays. Shri Mohammad Sidiq Bhagat has received felicitations for his initiative in the field from a number of government departments including the Jammu & Kashmir Academy of Art, Culture and Languages.

Shri Mohammad Sidiq Bhagat receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to the Bhand Pather folk theatre of Kashmir.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2018

कश्मीर के बारामूला जिले के लालपुरा में 21 अप्रैल 1965 को जन्मे, श्री मोहम्मद सीदीक भगत क्षेत्र की पारम्परिक नाट्य परम्परा से जुड़े कलाकार-परिवार से आते हैं। आपने अपने पिता श्री अब्ली भगत से भांड पाथेर का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में श्री गुलाम मोहम्मद भगत के सानिध्य में इस कला शैली में खुद को निखारा।

श्री मोहम्मद सीदीक भगत भांड पाथेर के एक उत्कृष्ट कलाकार हैं। अपने नाट्य समूह के साथ आपने कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर भांड पाथेर की प्रस्तुतियाँ दी हैं, और पुराने भांड पाथेर नाटकों के संरक्षण के लिए भी काम किया है। श्री मोहम्मद सीदीक भगत को जम्मू-कश्मीर एकेडमी ऑफ आर्ट, कल्चर एंड लैंग्वेजेज सहित कई सरकारी विभागों द्वारा सम्मानित किया गया है।

कश्मीर के लोकनाट्य भांड पाथेर के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मोहम्मद सीदीक भगत को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2018